प्रधान मंत्री
आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

मिशन निदेशालय
सबके लिए आवास / एस.एल.एन.ए.-सूडा(उ.प्र.)
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)
23, सैक्टर–7, गोमती नगर विस्तार,
(निकट डायल–100) लखनऊ–226010
website-www.sudaup.org
email-hfaup1@gmail.com

पत्रांकः–2275/01/29/HFA-14/2018–19 दिनांकः– 21 जुलाई, 2018

समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0परि0अधि0,
जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।

विषयः–**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के अन्तर्गत प्रथम किश्त की धनराशि हस्तान्तरण किये जाने वाले लाभार्थियों की सूची प्रेषण के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि दिनांक 28.07.2018 को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा एक लाख एक हजार लाभार्थियों को कम्प्यूटर पर सिंगल क्लिक से पीएफएमएस के माध्यम से प्रथम किश्त की धनराशि हस्तान्तरित किया जाना प्रस्तावित है, इसके साथ ही लाभार्थियों के मोबाइल पर उनके खाते में धनराशि अन्तरित होने के पश्चात् मैसेज भी प्राप्त होगा, जिससे प्राप्त धनराशि की पुष्टि भी होगी।

2. इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत अपने–अपने जनपदों के निकायवार 30–30 लाभार्थियों, जिनका जीरो लेवल जिओ टैगिंग हो चुका है तथा प्रथम किश्त की धनराशि हस्तान्तरण हेतु तत्काल परीक्षणोपरान्त पत्रावली पर अनुमोदन प्राप्त करते हुए पीएफएमएस पोर्टल पर प्रविष्टि किये जाने के उपरान्त उक्त पोर्टल पर **"Paid byhigher agency account"** करके सूडा को अवगत कराया जाना है, ताकि सूडा मुख्यालय स्तर पर उपरोक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत् धनराशि हस्तान्तरण सम्बन्धी अन्य आवश्यक कार्यवाही ससमय पूर्ण करायी जा सके। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि उक्त मोबाइल नम्बर लाभार्थियों के खाते के साथ लिंक है, ताकि उनको धनराशि अन्तरित होने के पश्चात् मैसेज के द्वारा प्राप्त धनराशि की पुष्टि हो सके।

3. इसके अतिरिक्त जिन लाभार्थियों का द्वितीय चरण का जिओ टैग हो चुका है, उनको द्वितीय किश्त की धनराशि तथा जिन लाभार्थियों का आवास पूर्ण होने पर जिओ टैग हो चुका है/हो रहा है, उनको तत्काल तृतीय किश्त अवमुक्त करने हेतु **"Paid byhigher agency account"** करते हुए सूडा मुख्यालय को अवगत करायें।

अतः अपने जनपद में उपरोक्तानुसार निकायवार 30–30 लाभार्थियों की सूची **पीएफएमएस पोर्टल पर अपलोड करते हुए लाभार्थी का खाते से लिंक मोबाइल नम्बर** सूडा को दिनांक 24.07.2018 की सायं तक ई–मेल sudapfms@gmail.com पर अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन की अपेक्षा के अनुरूप कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सकें।

भवदीय
21-7-2018
(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।

प्रतिलिपिः–

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा, उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।

Scanned by CamScanner